राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Phone: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ ISDC/ RACE/2019/ 1818 Date: 30th January, 2020

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय : 15 फरवरी 2020 को आयोजित होने वाले कॉलेज कम्यूनिटी कनेक्ट प्रोग्राम के संबंध में।

संदर्भ : आयुक्तालय का पत्रांक CCE/ISDC/RACE/College community connect/2019/1313 दिनांकः 27.09.2019

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र द्वारा राजकीय महाविद्यालयों की गुणात्मक अभिवृद्धि एवं सामाजिक विकास में संस्थाओं, समुदाय एवं अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कॉलेज कम्यूनिटी कनेक्ट प्रोग्राम अक्टुबर माह से-आरंभ करवाया गया था। इस क्रम में यह कार्यक्रम अंतिम पड़ाव में है, जिसका समापन दिनांक 15 फरवरी 2020 को आयोजित होने वाले कम्यूनिटी कनेक्ट प्रोग्राम से होगा।

अधिकांश महाविद्यालयों में इस कार्यक्रम में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी रही। इसी क्रम में यह निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 15 फरवरी को आयोजित होने वाले **इस कार्यक्रम का आयोजन समारोह पूर्वक करवाया जाए** जिसमें **आपके क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले किसी भी अतिविशिष्ट व्यक्ति को इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया जाए।** साथ ही, विद्यार्थियों और अभिभावकों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करते हुये उनके लिए यथा निर्देशित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाये जाएं। इस कार्यक्रम को महाविद्यालय में आयोजित होने वाले वार्षिक कार्यक्रम की तरह आयोजित करें।

सभी महाविद्यालय दिनांक 20 फरवरी 2020 तक **कॉलेज कम्यूनिटी कनेक्ट कार्यक्रम** के सभी आयोजनों (माह अक्टूबर 2019 से लेकर माह फरवरी 2020 तक) की एक रिपोर्ट जिसमें आयोजन तिथियां, गतिविधियों, उपलब्धियों एवं सुझावों का उल्लेख हो, आयुक्तालय को हार्डकॉपी में नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

प्रदीप कुमार बोरड़ IAS
आयुक्त
कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।

पत्रांकः CCE/ ISDC/ RACE/2019/ 1819-20 Date: 30th January, 2020
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है –

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सहायक, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सहायक, अति. आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. वित्तीय सलाहकार, आकाशि।
6. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि।
7. सहायक निदेशक, समस्त क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।
8. समस्त प्रभारी अधिकारी, कॉलेज समूह, आकाशि
9. वेबसाईट प्रभारी को आयुक्तालय की वेबसाईट पर अपलोड़ एवं संबंधितों को ईमेल करने हेतु।
10. रक्षित पत्रावली

30/01/2020

डॉ. विनोद कु. भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास